खबर संक्षेप

## भुआबिछिया में आयोजित हुई लोक अदालत



**भुआबिछिया।** सिविल न्यायालय भुआ बिछिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ न्यायाधीश मीनल गजबीर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।लोक अदालत में राजीनामा योग न्यायालय में लंबित प्रकरण रखे गए तथा 4 लाख 26 हजार 40 रुपए की राशि अवार्ड हुई। नेशनल लोक अदालत में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विजय चौरसिया सचिव पीयूष पांडेय भवानी प्रसाद उद्दे जयप्रकाश मिश्रा थानेश्वर तेकाम संदीप पटेल विनय यादव संदीप परते तुलसीराम मुजारे राजा ठाकुर रामकुमार यादव नंदलाल झारिया अन्य विभागों के अधिकारीगण तथा न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 17 दिसंबर को मनाया जाएगा पेंशनर दिवस

**भुआबिछिया।** म.प्र. पेंशनर समाज शाखा बिछिया के अंतर्गत 17 दिसंबर 2024 को प्रति वर्षा नुसर इस वर्ष भी पेंशनर दिवस मनाया जाएगा, इस अवसर पर सभी पेंशनर सदस्यों से आग्रह है इस दिवस को भव्यता से मनाने के लिए फारेस्ट दुर्गा मंच में आप सभी आवश्यक रूप से अपनी उपस्थिति प्रदान करे पेंशनर समाज शाखा बिछिया के अध्यक्ष आजाद चोबे ने आधिक से अधिक संख्या में सभी पेंशनरों को 17 दिसंबर मंगलवार 12 बजे फॉरेस्ट दुर्गा मंदिर पहुंचने की अपील की है।

### भाजपा सरकार के सफल 1 वर्ष पूर्ण होने पर केबिनेट मंत्री ने की चर्चा

# सुशासन और जनकल्याण को समर्पित 1 वर्ष

*** मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में विकास, विरासत को मिला बल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मध्यप्रदेश की उन्नति और प्रगति के साथ जनता को खुशहाल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जनता के सामने जो संकल्प पत्र प्रस्तुत किया था उस पर चरणबद्ध तरीके से तेजी से कार्य हो रहे हैं प्रदेश के विकास और जनता के हित में तय किये गये संकल्पों में एक साल के भीतर 45 से अधिक संकल्प जनहित के पूरे किये जा चुके हैं अन्य संकल्पों पर तेजी से कार्य चल रहा है आने वाले 4 वर्ष में हमारी भाजपा सरकार सभी 456 संकल्पों को क्रमशः पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कम समय में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार का यह पहला वर्ष मध्यप्रदेश में सुशासन विकास विरासत और जनकल्याण के संवर्धन के लिए समर्पित रहा है उक्त आशय के उदगार भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि 11 दिसंबर से प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याण पर्व शुरू किया गया है। इस अभियान में आयोजित कार्यक्रमों में आमजन की सहभागिता भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्हांने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने 1 वर्ष में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। गरीब कल्याण के लिए संबल 2.0 के तहत श्रमिक परिवारों को 895 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहर में रहने वाले 44 लाख परिवारों का घर का सपना पूरा हुआ। स्वामित्व योजना में 24 लाख को भू अधिकार पत्र वितरित किये गये। इस कार्य मे मध्यप्रदेश देश मे प्रथम राज्य बना। पीएम स्वनिधि योजना में 11 लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण सहायता उपलब्ध कराई गयी। किसान कल्याण के क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की स्थापना की जायेगी। श्री अन्य योजना में किसानों को 1 हजार प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 3900 रुपये प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त सहायता दी जायेगी। किसानों को गेहूं पर प्रति क्विंटल 125 रुपये का बोनस भुगतान किया जा रहा है वहीं सोयाबीन का समर्थन मूल्य 4892 दर से उर्पाजन करने का निर्णय लिया है। युवाओं के लिए रोजगार दिवस पर 7 लाख युवाओं को 5 हजार करोड़ का स्वरोजगार ऋण वितरित किया गया। शासकीय विभागों में 1 लाख पदों पर भर्ती की जा रही है। उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश के 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ किये गये हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं उद्योग एवं रोजगार से मध्यप्रदेश को सवारने का कार्य निरंतर जारी है। हमारे संस्कृति को समृद्व बनाने के लिए प्रदेश में सभी त्यौहार समाज के साथ मनाने का कार्य आरंभ किया गया है। मध्यप्रदेश में श्रीकृष्ण लीलाओं से जुड़े सभी तीर्थ स्थलों को जोड़कर कृष्ण पथेय का निर्माण किया जा रहा है। राजस्व के मामलों के सहज व सुलभ बनाने के लिए व्यवस्था की गयी है। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार निरंतर किया जा रहा है। गौ संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में डेयरी विकास गौ पालने पर सरकार द्वारा अनुदान तथा घायल गायों के इलाज के लिए हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन का प्रबंध किया जा रहा है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। सिंचाई क्षेत्र विकसित कर सिंचाई का रकवा बढ़ाया गया है। पर्यटन को नये आयाम देने की पक्रिया प्रारंभ हो चुकी है वहीं केंद्रीय योजनाओ के क्रियान्वन में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई । यात्रियों के लिए परिवहन सुविधा युवाओं को नौकरी व स्वरोजगार नकसल मुक्त प्रदेश विद्युत उत्पादन मे बढ़ोत्तरी कृषकों को सौर्य ऊर्जा तथा पी.पी.मोड पर मेडिकल कॉलेज को चालू किये जाने की योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी माँ नर्मदा का निर्मल एवं प्रवाहमान रखने के लिए कार्य योजना बनाकर शीघ्र ही अमल में लाया जायेगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने 1 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की उन्नति के लिए किसान गरीब महिला और युवाओं के लिए सफलता के द्वार खोल दिये हैं इससे इन वर्गो के जीवन मे अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। निरंतर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प मंत्र के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ गौरवशाली संपन्न एवं विकसित मध्य प्रदेश की संकल्पना को साकार करने का प्रयास पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगें।

## कछुआ की गति से चल रहा निर्माण कार्य, नागरिकों के लिए बनी मुसीबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/बम्हनीबंजर

चौपाटी से सागर तालाब तक नगर परिषद लाखों की लागत से नाली निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है। ताकि वार्डवासियों को सुविधाजनक हो, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण वार्डवासियों को दो महीनों से मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां ठेकेदार कछुआ की गति से निर्माण कार्य करा रहा है जिससे नागरिक गिर-उठ रहे हैं साथ ही आवागमन में असुविधा हो रही है। वार्डवासी सुनील पटेल ने बताया कि दो महीने पूर्व से नाली का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन अभी तक पूरा नहीं किया गया है जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटना हो रही है घर के सामने गहरी नाली खुदी होने के कारण कल मेरे पिता भी गिर गए थे वही मुख्य मार्ग एवं दुकान होने के कारण आने-जाने वाले लोगों के लिए अधूरा निर्माण कार्य किसी दिन बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है कई बार मवेशी भी गिर चुकी है जिसकी सूचना वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद को दे चुके हैं इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसके चलत निर्माण कार्य में लेटलतीफी हो रही है।

धीमी गति से चल रहा निर्माण कार्य लोगों के लिए सिरदर्द तो बना ही हुआ है, साथ ही निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है नाली निर्माण में बेस कम डाला जा रहा है और मटेरियल मे मापदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे लाखों की लागत से बनाई गई नाली कुछ साल बाद ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी। यहां नागरिकों के द्वारा मांग की गई है कि निर्माण कार्य गुणवत्ता से कराया जाए।वार्डवासियों ने नगरीय प्रशासन से मांग की है कि नाली निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।



# नैनपुर को चारों खाने चित्त कर आर.डी. कॉलेज मण्डला बना विजेता

*** संभाग स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का हुआ आगाज शामिल हो रहे जबलपुर डिंडोरी कटनी नरसिंहपुर और मण्डला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



जिला स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडल द्वारा महात्मा गांधी स्टेडियम मण्डला में आयोजित किया गया जिसमें जिले के विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ विजेंद्र चौरसिया डॉक्टर श्रीकांत श्रीवास्तव डॉक्टर अर्जुन बघेल जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुधीर उपाध्याय ने उपस्थित होकर एवं टास कराकर प्रतियोगिता को आरंभ किया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच शासकीय महाविद्यालय भुआबिछिया एवं शासकीय महाविद्यालय नैनपुर के मध्य खेला गया इस मुकाबले में नैनपुर ने बिछिया को 75 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया दूसरा सेमीफाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय बम्हनी बंजर एवं रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला के मध्य खेला गया जिसमें एकतरफा मुकाबले में मंडला ने बम्हनीबंजर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जहां फाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय नैनपुर एवं रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में आर डी कॉलेज मण्डला के खिलाड़ियों ने शासकीय महाविद्यालय नैनपुर के खिलाड़ियों के चारों खाने चित करते हुए मुकाबला पर कब्जा करते हुए, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मैच में आर डी कॉलेज मंडला के कप्तान अमन कछवाहा ने शानदार बैटिंग एवं बोलिंग का मुजाहिरा करते हुए शानदार 55 रन एवं चार विकेट हासिल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई टीम के उप कप्तान शिवांशु तिवारी, प्रांजल, ऋषि, अनुराग ने शानदार खेल दिखाए। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल गुप्ता, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर टीपी मिश्रा, प्राध्यापक एसके श्रीवास्तव एवं डॉक्टर अर्जुन सिंह बघेल उपस्थित रहे एवं खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया इस अवसर पर प्राचार्य ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आने वाली प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया एवं प्रोफेसर टीपी मिश्रा ने खिलाड़ियों को अनुशासित में रहकर खेलने एवं अपने खेल प्रदर्शन को आने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी और अच्छा करने की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए मण्डला जिले में पदस्थ कीड़ा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसमें रानी दुर्गावती महाविद्यालय के अधिकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी कोच व अंतरराष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक डॉक्टर गुलबहार खान, वरिष्ठ अधिकारी डॉ विवेक जायसवाल, डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी, डॉक्टर देवेंद्र बघेल, डॉ अनूप परिहार, डॉक्टर रवि यादव, डॉ प्रशांत यादव एवं डॉ नीलेश चौरे जी प्रतियोगिता के निर्णायक नयन अग्रवाल आकाश बर्मन तथा समीर बाजपेई, देवेंद्र सरोते, पंकज उसराटे, रवि साहू, जगदीश यादव, संजय तिवारी की विशेष भूमिका रही।

## नीरज भट्ट बनें बिछिया भाजपा मंडल अध्यक्ष



**भुआबिछिया।** भारतीय जनता पार्टी ने बिछिया भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर नीरज भट्ट को नियुक्त है। भाजपा के जिला के नेता, जनप्रतिनिधि, मंडल के कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर बिछिया ने पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष, भाजपा संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने बाले लोकप्रिय युवा नेता को मंडल बिछिया की कमान सौंपी है। आशा व्यक्त की है श्री भट्ट के नेतृत्व में संगठन गतिशील और प्रभावी भूमिका अदा करेंगा। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है,उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## प्रखर चतुर्वेदी का न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में चयन



**मण्डला।** मण्डला के प्रखर चतुर्वेदी जो कि प्रवीण चतुर्वेदी व श्रृद्धा चतुर्वेदी के सुपुत्र है ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस में एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रखर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा महार्षि विद्या मंदिर मंडला से पूरी की। इसके बाद 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई उन्होंने सेंट अलॉयसियस स्कूल जबलपुर से की। प्रखर ने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) तमिलनाडु से किया जहां उन्होंने 9.4 सीजीपीए के साथ अपनी डिग्री पूरी की। स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस का एमबीए फाइनेंस प्रोग्राम विश्व में 5वें स्थान पर है। उनके पिता प्रवीण चतुर्वेदी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मण्डला में ब्रिज डिपार्टमेंट में उप संभागीय अधिकारी (एसडीओ) के पद पर कार्यरत हैं। उनकी बहन प्रकृति चतुर्वेदी, भारतीय स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) से एमबीए कर चुकी हैं। प्रखर की इस सफलता ने मण्डला जिले का नाम गौरव बढ़ाया है।

**प्रतियोगिता** | **पहली बार हो रहे इस आयोजन से खिलाड़ियों में उत्साह।**

# सिंधी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता की नगर में हुई शुरूआत

*** खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना समाज का उद्देश्य।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला






श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल मण्डला के द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया, इसमें युवा खिलाड़ियों के प्रयास से मण्डला में पहली बार क्रिकेट मैचों की श्रृंखला कराई जा रही है, पौड़ी महाराजपुर में नवनिर्मित खेल परिसर में सायं कालीन एवं रात्रि कालीन इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल अठारह टीमों की सहभागिता हुई है,खास बात यह है कि इसमें युवाओं के अलावा बड़ी उम्र के सदस्य भी खेल में शामिल हो रहे हैं, आयोजकों ने बताया कि मण्डला में पहली बार हो रहे इस आयोजन में सभी का बेहद सहयोग मिल रहा है, प्रतिदिन चार मैच कराए जाएंगे, प्रति टीम के लिए आठ ओवर होंगे जो कि कुल सोलह ओवर का मैच कहलाएगा, हर टीम में आठ खिलाड़ी शामिल किए गए हैं और दो अतिरिक्त खिलाड़ी सहयोगी रहेंगे, महानगरों में हो रहे सिंधी प्रीमियर लीग मैचों से प्रेरणा लेकर मण्डला में यह आयोजन प्रारंभ किया गया है, आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सौहाद्र और युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। शुक्रवार को चार मैच खेले गए। पहला मैच सिंध प्राइड और मण्डला किंग्स के बीच खेला गया, जिसमें मण्डला किंग्स ने तीन विकेट से मैच जीता,दूसरा मैच सिंहानी ब्रदर्स एवं क्षेतीजा ब्रदर्स के बीच खेला गया, जिसमें क्षेतीजा ब्रदर्स ने 7 विकेट से मैच जीता,तीसरा मैच सेवेजर और सिंध 8 के बीच खेला गया, जिसमें सेवेजर टीम ने 70 रन से मैच जीता,चौथा मैच हरे माधव और सिंधी सुपर किंग्स के बीच खेला गया जिसको सिंधी सुपर किंग्स ने 40 रन से मैच जीता।खिलाड़ियों ने बताया कि इसके लिए कुछ दिन पूर्व से ही सामूहिक रूप से तैयारी कर रहे हैं, मैचों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक शामिल हो रहे हैं।

## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के पुनः जिला अध्यक्ष बने नीरज अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेई की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष मयंक तिवारी की सहमति से जबलपुर संभागीय अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने जबलपुर संभाग की नई कार्यकारिणी घोषित की जिसमे मण्डला जिला अध्यक्ष के पद में नीरज अग्रवाल को पुनः नियुक्त किया गया है। इसी के साथ जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले मण्डला, डिंडोरी, कटनी नरसिंहपुर, बालाघाट सिवनी, छिंदवाड़ा जिले के जिलाध्यक्ष की सहमति से सभी प्रमुख पदों पर नियुक्तिया की गयी जिसमे महासचिव रवींद्र शर्मा, उपाध्यक्ष शिव चौरसिया जबलपुर, मीना चौधरी कटनी महेंद्र सिंह ठाकुर डिंडोरी, उमेश कौरव नरसिंहपुर हरि सिंह ठाकुर मण्डला, प्रकाश दुबे बालाघाट, सुजीत ठाकुर पाटन जबलपुर ग्रामीण, संभागीय सचिव भारत श्रीवास्तव कटनी अंकित चौरसिया डिंडोरी मनीष मिश्रा गोटेगाँव नरसिंहपुर, संतोष बंटी पांडे मंडला, शंकर विश्वकर्मा जबलपुर, बृजेश मिश्रा बालाघाट, मनीष श्रीवास्तव जबलपुर, संगठन सचिव पद पर अनुराग दीक्षित जबलपुर, सह संगठन सचिव अशोक उपाध्याय भेड़ाघाट, कोषाध्यक्ष रविंद्र सुहाने, संभागीय मीडिया प्रभारी जितेंद्र वैष्णव, संभागीय सह मीडिया प्रभारी राहुल रैकवार को मनोनीत किया गया। वही संभागीय कार्य सदस्य में संजय सरैया,दीपक नामदेव, प्रदीप खरे को रखा गया हे। शेष कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा अगली बैठक मे सर्वसम्मती से की जाएगी। वही राष्ट्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलाध्यक्ष घोषणा की गयी जिसमे जबलपुर जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा, नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष भागीरथ तिवारी, कटनी जिला अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया, सिवनी जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा, बालाघाट जिला अध्यक्ष राजेश सिंघरा, छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष श्याम साहू, डिंडोरी जिला अध्यक्ष अनिल पटेल को नियुक्त किया गया है। सभी जिला अध्यक्ष एवं नवनियुक्त संभागीय कार्यकारिणी को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी गई। मंडला जिला अध्यक्ष के पद में अधिमान्य पत्रकार नीरज अग्रवाल की नियुक्ति पर ईष्ट मित्र सहयोगी एवं पत्रकार साथियों ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### बालश्रम कानून का नहीं हो रहा पालन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शासन द्वारा बाल मजदूरी रोकने जारी निर्देशो का पालन कराने मे जहां जिला प्रशासन नाकाम रहा है वही बाल श्रमिकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी संबंधितों को नही मिल पा रहा है। जबकि पूर्व मे कारखाना अधिनियम 1948, खदान अधिनियम 1952 जहाज अधिनियम 1958, वृक्षारोपण अधिनियम 1961 तथा मोटर परिवहन श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के कारखानों एवं खदानों, मोटर यातायात आदि पर काम मे लगाना वर्जित है, वही हर वर्ष एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है, मगर आजादी के बाद भी बाल श्रमिकों की किसी भी श्रमिक संगठन को याद नही आई, जिन बच्चों के हाथ मे किताब कापी होना चाहिए उन्हे पेट भरने के लिए कचरा बीनना, सिर पर लकड़ी का गट्टा ढोना, होटलो मे कम प्लेट धोना आदि नियति बन चुकी है, जिले मे तमाम बाल श्रमिकों की तादात लगातार बढती जा रही है,

### पंचायती राज में अनियमितताएँ

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** अनियमितता और मनमानी करने वालो को यत्र-तत्र जयकार होती आ रही है...? पंचायती राज में तो भ्रष्टाचार का विकेन्द्रीकरण होते हुए दिखाई दे रहा है, जिसकी अनेको शिकायते आये दिन होती रहती है.., पर उन पर क्या कार्यवाही होती है किसी को नहीं है पता...? इतना ही नहीं शिकायतो को ठंडे बस्ते में डाल देने का क्रम जारी है, यदि ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायती राज में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपने सगे संबंधियों व छुटभैया नेताओं को देना, पंचायत की राशि का दुरूपयोग करना, गरीबों के नाम पर आई योजनाओं का बंदर बांट करना आम बात होते हुए दिखाई दे रही है? परिणाम स्वरूप योजनाओं के असली हक दार योजनाओं की जानकारी के अभाव में पंचायतो की ओर ताकते रहते हैं, किंतु उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है? इस बात की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को ठेंगा दिखाने से पंचायत के कर्णधार पेट का खाना तक की योजनाओं में धांधली करने से नहीं चूक रहे हैं? अनुसूचित जाति, जनजाति और गरीब तबका आज अपने परिवार के साथ दयनीय स्थिति में है, शासन चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी वह न उन्हें ईलाज मिल पा रहा है और न ही शिक्षा तथा न ही रहने का ठौर ठिकाना अपने लिए बना पा रहा है?

### रात में बेटो के लडखड़ाते कदमों से घर आने पर महिलाएं परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर में विदेशी, देशी शराब का जिस प्रकार से शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि इसकी गिरप्त में लगातार युवा पीढ़ी आने के साथ साथ अपनी जिन्दगी को बर्बाद करने से नही चूक रही है बल्कि सही मायने में देखा जावे तो शराब पीने की चपेट में आए युवाओं, किशोरों की तादाद बढ़ती चली जा रही है? यह बात अलग है कि आये दिन पुलिस प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नशामुक्ति संबंधी शिविरों का आयोजन करते हुए नशा से दूर रहने के लिए संदेश दिया जाता है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही दिखाई दे रहा है और इसी का परिणाम है कि जहां तहां बिक रही अवैध शराब के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने से नही बच पा रही है।

## एक माह पहले एनटीपीसी में कार्य करने के दौरान

# युवक की मौत को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समीपस्थ चीचली के पास ग्राम गांगई में स्थापित एनटीपीसी पावर प्लांट में वहां पर काम कराने वाली निजी कंपनियों द्वारा जिस तरह मजदूरों से सुरक्षा साधनों का आभाव बनाकर काम कराया जाता है जिसके चलते आये दिन मजदूर बैमौत मरने से नही चूक पाते है? मगर यह सच्चाई प्लांट की चार दीवारी के अंदर से तभ ही निकलकर आ पाती है जब वहां के मजदूरों में एकता देखने मिलती है या फिर मामला क्षेत्र से जुड़ा होता है..? क्योंकि यहां पर कार्यरत कंपनियों द्वारा इस तरह की घटनाओं को किस तरह गायब कर दिया जाता है इसकी सच्चाई शायद ही कभी किसी को पता नही चल पाती होगी..? कुछ इसी तरह की घटना बीते हुये शुक्रवार यानि की 8 नबंवर 2024 की शाम उस समय देखने मिली जब यहां पर काम करने वाले कंपनी मेसर्स दिनेश कंस्ट्रक्शन कंपनी में संविदा के रूप में कार्यरत एक मजदूर की काम करने के दूर ऊँचाई से गिर जाने के कारण घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस तरह गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हौरी मनकवारा निवासी नरेश पिता हरिराम पाली जो यहां से निकली हुई रेल्वे लाईन के लिये जमीन अधिग्रहण में प्रभावित किसान बताया जाता है। वह एनटीपीसी के अंदर कार्य करने वाली कंपनी मेसर्स दिनेश कंस्ट्रेक्शन में बीते हुये लगभग 5 सालों से संविदा मजदूर के रूप में कार्यरत था। वही बीते हुये 8 नबंवर 2024 की शाम ट्रांसफर पाईन्ट पर काम करने के दौरान ऊंचाई से गिर जाने के कारण मजदूर नरेश पाली की मौत हो गई। घटना की सच्चाई को लेकर जिस तरह सोशल मीडिया पर विडियों वायरल होते हुये देखा जा रहा है वह कंपनी द्वारा बरती जाने वाली उदासीनता को उजागर करने से नही चूक रहा था? क्योंकि जिस तरह मजदूर द्वारा काम किया जा रहा था उस दौरान उसके पास सुरक्षा संबंधी कोई साधन उपलब्ध नही थें। इतना ही नही जनचर्चाओं द्वारा तो लोगों द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा था कि मजदूर के काम करने का निर्धारित समय समाप्त हो चुका था इसके बाद भी जबरन उससे काम लिया जा रहा था और जिस जगह उसे ऊपर चढ़ाया गया था वहां पर कोयला की डस्ट काफी मात्रा में मौजूद रहती है उसी के ऊपर से फिसल जाने के कारण मजदूर की नीचे गिरने से मौत हुई है..? यह बात कहा तक सत्य है इसे तो भगवान व कंपनी के कर्ताधर्ता ही जाने..? मगर इस तरह एनटीपीसी में घटित हुई घटना में मजदूर की मौत की खबर सुनते ही श्रमिक सभा से जुडे हुये सदस्यों में आक्रोश का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया था। वही उसी दिवस देर शाम एनटीपीसी के एम्बुलेंस वाहन से मृतक के शव को शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा पहुंचाया गया था। मगर घटना के दूसरे दिवस यानि की 9 नबंवर 2024 वही सुबह होते हुये श्रमिक सभा के साथ साथ मृतक के परिजनों ने एकत्र होकर शासकीय चिकित्सालय परिसर में हंगामा शुरू करते हुये मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा की मांग करना शुरू कर दिया गया। तो दूसरी ओर एनटीपीसी में काम करने वाले श्रमिक सभा के अन्य मजदूरों द्वारा भी विरोध प्रदर्शन करते हुये काम बंद करने के साथ हड़ताल शुरू कर दी गई थी। इस संबंध में जब मृतक के परिजनों से चर्चा की गई थी तो उनका आरोप था कि एनटीपीसी में काम करने वाली कंपनी द्वारा नरेश पाली से पूर्णरूप बगैर सुरक्षा साधनों के काम कराया जा रहा था। वही घटना घटित होने के बाद कंपनी द्वारा परिवार के लोगों को घटना के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई सूचना नही दी गई अन्य लोगों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई। वही मृतक के परिवारजनों द्वारा कंपनी से एक करोड़ रूपया तथा मृतक की पत्नि को नौकरी देने की मांग करते हुये शव को लेने से इंकार कर दिया जाने लगा। इस तरह शासकीय चिकित्सालय में बढ़ते हुये विरोध प्रदर्शन को देखते हुये मौके पर गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम के आलवा सांईखेड़ा, चीचली, डोगरगांव पुलिस बल भी पहुंच गये था। इस तरह नगर के सरकारी अस्पताल में 9 नबंवर 2024 की सुबह 9 बजे से लेकर 12 बजे तक चले हंगामे के बीच उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा एसडीएम कलावति व्यारे द्वारा अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुये मृतक के परिजनों को समझाईश देते हुये उचिम मुंआवजा देने के लिये भरोसा दिलाया गया था। जिसके चलते एनटीपीसी द्वारा मृतक के परिवार जनों को एक पत्र खिलकर भी प्रदान किया गया था जिसमें उल्लेखित किया गया है कि 8 नंवबर 2024 को कामगार नरेश पाली जो कि मेसर्स दिनेश कंस्ट्रक्शन में संविदा पर कार्यरत थें उनके साथ एक दुर्घटना हुई और जिसके चलते गाडरवारा अस्पताल में उन्हें मृत घोषित किया गया। शोक संतप्त परिवार को एनटीपीसी गाडरवारा के द्वारा दस लाख रूपया की सहायता राशि उनके बारिश को प्रदान की जावेगी। इसके आलवा उनकी पत्नी को यथायोग्य शिक्षा अनुसार नौकरी पर रखने का भरोसा दिया जाता है। इसके आलवा बीमा कंपनी संबंधी कार्य में भी एनटीपीसी द्वारा समुचित सहयोग प्रदान किया जावेगा। इस तरह दस लाख कंपनी द्वारा तथा सोलह लाख बीमा कंपनी एवं अन्य मदों के माध्यम से लगभग 36 लाख रूपया मिलने की संभावना के साथ पुलिस अधिकारियों द्वारा संपूर्ण घटनाक्रम की निष्पक्षता के साथ जांच करते हुये दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की बात कहे जाने के बाद परिवारजनों द्वारा शव को लेने होने के बाद हंगामा शांत हुआ था। मगर इस घटना को पूरा एक माह से अधिक का समय बीते जाने के बाद भी जब मृतक के परिजनों को अधिकारियों व एनटीपीसी के अधिकारियों द्वारा दिये गये भरोसे पर किसी तरह का अमल होते हुये दिखाई नही दिया तो। कल शुक्रवार को एक बार फिर मृतक के परिजनों द्वारा वहां पर कार्यरत अन्य कर्मचारियों द्वारा अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया गया। इस तरह मृतक के परिजन व अन्य कर्मचारियों द्वारा एनटीपीसी गेट के सामने किये जा रहे विरोध प्रदर्शन के चलते जहां मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वही इस प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा मांग की जा रही थी कि कर्मचारी की मौत को लेकर शिप्ट इंचार्ज व इंजीनियर पर एपआईआर दर्ज की जावे तथा एनटीपीसी द्वारा अधिकारियों के समक्ष मृतक के परिजनों को सहायत के लिये जो भरोसा दिया गया था उसे पूरा किया जावे। इस तरह से मृतक के परिजनों सहित उसके साथ कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर शुरू किया गया विरोध प्रदर्शन समाचार लिखे जाने तक जारी था।

# नगर पालिका के अलाव से मूंग पशुओं को मिल रही राहत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इन दिनों जिस तरह कपकपी पैदा करने वाले ठंड अपना जो रूप दिखा रही है उसका परिणाम है कि रात 10 बजे के बाद जहां शहर की सड़को पर सन्नाटे का आलाम दिखाई देने से नही चूक पाता है। वही दूसरी ओर सड़को पर मात्र वही लोग नजर आते है जिनके पास रहने के लिये घर नही है जो दिन भर सड़को पर भ्रमण करते हुये अपना पेट भर रहे होते है या फिर देर रात किसी ट्रेन से यात्रा करते हुये निकलने वाले रेल यात्रियों सहित बड़ी मुश्बित के बीच अपने घरों से निकलने वाले लोगों के दर्शन ही हो पा रहे है। क्योंकि इस तरह जहां पारा लगातार नीचे की ओर गिरते हुये चला जा रहा है जिसके चलते साधन संपन्न लोग अपने घरों में हीटर या फिर कई किलो वाली पल्ली से निकलने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है। मगर



लगातार बढ़ रही ठंड को ध्यान में रखते हुये नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा रात के समय सड़को पर निकलने वाले लोगों व साधन विहीन लोगों के लिये ठंड से बचने के लिये जहां तहां अलाव लगवाये गये है। इस तरह नगर पालिका द्वारा लग वाये गये अलावों से सबसे अधिक राहत उन मूंग पशुओं को मिल रही है जिन्हें पशु मालिका दूध निकालते हुये अपने घरों से छोड़ देते है। मगर इस बात का ध्यान नही रखते है हम को दोनों टाईम दूध देते हुये बच्चों को बुद्विमान बनाने वाली गाय सड़को पर भ्रमण करते हुये उसे खाने के लिये घास व पीने के लिये पानी मिल पा रहा है कि नही। वही दूसरी ओर इस समय पड़ रही ठंड के बीच पशु मालिकों द्वारा सड़को पर बेसहारा बनाते हुये छोडे जाने वाले इन मूंग पशुओं के लिये नगर पालिका की पहल मददगार साबित होने से नही चूक रही है। नगर के चौराहों पर नगर पालिका द्वारा लगाये गये इन अलावों के पास रात भर पशुओं को आग की तपन के बीच आराम करते हुये देखा जा रहा है। लोगों द्वारा नगर पालिका द्वारा उठाये गये इस कदम की सराहना करते हुये कहा जा रहा है कि भले की रात के समय सड़को पर आम आदमी इस आलाव का लाभ नही ले पा रहा है। मगर जिस तरह मूंग पशु ठंड से बचाने के लिये इन आलवों से राहत महसूस करते हुये देखे जा रहे है। वही नगर पालिका अध्यक्ष व नगर पालिका प्रशासन के लिये पुण्य कार्य साबित होने से नही चूकेगा...?

## रात के समय नर्मदाजी के ककरा पुल से छलांग लगाने के वाले युवक को पलोहा पुलिस ने बचाया सकुशल, घटना के कारण अज्ञात




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के कुशल नेतृत्व में प्रतिदिन शांति व्यवस्था बनाने के लिये फ्लेग मार्च निकालते हुये संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही दूसरी ओर रात के समय में क्षेत्र में सख्त रूप से गस्त की जा रही है। इसी बीच जब बीते हुये दिवस रात के समय पलोहा पुलिस द्वारा गस्त की जा रही थी तो सूचना मिली की किसी व्यक्ति द्वारा नर्मदा जी के ककरा घाट पुल से आत्महत्या करने की सोच के चलते छलांग लगा दी गई। इस सूचना जब पलोहा थाना प्रभारी अनिल भगत को लगी तो वह तुरंत मौके पर अपने स्टाफ के साथियों के साथ पहुंचे और स्थानीय नाव चलाने वालों की मदद से युवक को गहरे पानी के बीच से सकुशल बचाने में सफलता हासिल की गई। इस संबंध में बताया जाता है कि पलोहा थाना प्रभारी एस आई अनिल भगत सहित अन्य पुलिस कर्मचारी क्षेत्र के भ्रमण पर थें। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुयी कि ककरा घाट पुल से एक व्यक्ति द्वारा आपनी जान देने के उद्देश्य से पानी में छलांग लगा दी। यह सूचना प्राप्त होते ही पलोहा थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुचकर गोताखोरों की मदद से अथक परिश्रम के बाद उसे सकुशल पानी से बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की गयी। इस कार्य में मुख्य रूप से पलोहा थाना प्रभारी उनि अनिल भगत,आरक्षक प्रताप, गौरीशंकर एवं गोताखोर दीपक मिश्रा, दुर्गेश नोरिया, अर्जुन नोरिया, करण नोरिया एवं चोखे लाल की सराहनीय भूमिका रही है। इस तरह रात के समय ठंड के बीच सराहनीय कार्य करने वालों को जिला पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा सभी को पुरूस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

## इस तरह से किये जाने वाला ओवर लोडिंग परिवहन बनता है बड़ी घटना का कारण





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह बेलगाम गति से दौड़ने वाले वाहनों पर प्रशासन का अंकुश नही रहने का परिणाम है कि आये दिन सड़कों पर लोगों को सड़क दुर्घटनाओं में भेड़ बकरी के तरह मरते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है। मगर प्रशासन द्वारा सड़को पर जिस तरह ओवर लोडिंग वाहनों को दौड़ते हुये देखे जाने के बाद भी उन पर अंकुश न लगाना निश्चित तौर से जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। अक्सर देखा जाता है कि जहां क्षेत्र की सड़को पर नियम विरूद्व एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगी हुये वाहनों का संचालन देखकर तो यह महसूस होने लगा है कि इस तरह मनमानी करने वालों को प्रशासन द्वारा पूर्णरूप से चीनी की मिठास के बीच अभयदान प्रदान कर दिया गया है..? कुछ इसी प्रकार से छोटे वाहनों में जिस तरह लोहा, ईट सहित अन्य प्रकार की सामग्री ठोई जा रही है, वह खतरे का कारण बनने से नही चूक पा रही है। क्योंकि इन वाहनों में जिस तरह लोहे की छडे इस तरह भरी जाती है कि वह पीछे के ओर से वाहन के बाहर निकली होने के साथ साथ यह वाहन सड़क पर चलते चलते अचानक रूक जाते है। इस स्थिति इन वाहनों के पीछे कोई छोटा वाहन या फिर मोटर साईकिल चालक तेज गति से जा रहा होता है तो इस तरह की मनमानी एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पाती है? इस तरह सड़को पर लोहा सीमेन्ट परिवहन करने वालों द्वारा की जा रही मनमानी आये दिन बड़ी घटनाओं का कारण बनते हुये देखे जाने के बाद भ्ज्ञी अधिकारियों द्वा इनकी मनमानी को नजर अंदाज किया जाना सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है।

## निजी होटल में हुई जांच पर अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह ..?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासकीय संस्थाओं में बडे स्तर के घोटाल होने के बाद उनकी जांच फाइलों वर्षो तक धूल खाते हुये जांच में नाम पर अधिकारियों द्वारा बंद निजी होटल के कमरों में औपचारिकता निभाना निश्चित तौर से सबाल खड़े करने से नही चूकती है.? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में कुछ वर्ष पहले हुआ राहर घोटाला संपूर्ण प्रदेश में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाया था तो इस घोटाले में कुछ तथा कथित व्यापारियों से लेकर अधिकारियों के शामिल होने की चर्चाये सुनाई पड़ने से प्रदेश की विधान सभा तक पहुंचने से नही बच पाया था। मगर इस तरह हुये बडे घोटाले की जांच का क्या परिणाम सामने आयेगा इसका इंतजार लोगों को आज भी बना हुआ है..? वही दूसरी ओर सूत्रों की माने तो इस मामले को लेकर दो साल पहले यानि की दिसम्बर 2022 में इस राहर घोटाले की जांच करने के लिये प्रदेश की संस्कार धानी जबलपुर से कुछ अधिकारियों की आने की चर्चाये सुनी जा रही थी जिससे अनुमान लग रहा था कि कुछ परिणाम सामने आवेगे। मगर इस बात को भी दो साल का समय बीते



चुका है। क्योंकि दो साल पहले आये हुये जांच दल द्वारा एक निजी होटल के कमरे में जांच किये जाने की चर्चाये भी सुनी जा रही थी.., मगर इसका खुलासा आज तक न हो पाना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? इस तरह नगर की एक निजी होटल में मंडी से जुडे हुये अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का मेला लगा देखा गया था। मगर परिणाम आज भी शून्य है? इस घोटाले को लेकर अब सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि नगर हुये इतने बडे राहर घोटाले की जांच एक निजी होटल के बंद कमरे में होना निश्चित तौर से जांच दल की भूमि पर प्रश्न चिन्ह खड़े होने से नही चूक पा रही थी? क्योंकि राहर खरीदी में हुये इस बडे घोटाले की जांच को जहां वर्षो का समय बीत चुका है जिसके चलते फायले निश्चित तौर से धूल के बीच लक्ष्मी जी के आर्शीवाद से रंगीन हो चुकी होगी और मान लिया जावे कि उनका रंग छूट जाने के बाद यदि जांच शुरू हुई है तो फिर सरकारी मामले की जांच एक निजी होटल के बंद कमरे में होना फिर इतने बडे घोटाले की जांच को रंगीन करने की जुगाड बैठाने में कसर नही छोड़ी जावेगी? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि यदि वर्षो पूर्व हुये राहर खरीदी घोटाले की जांच निष्ठा के साथ समय पर हुई होती तो अब तक अनेक जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर राहर के फर्जी खरीदार भगवान कृष्ण की जन्म भूमि का पूजन करते हुये नजर आ रहे होते?

# सर्वर डाऊन रहने से परेशान हो रही लोग, शासन की सुविधा बन रही दुविधा

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सोच के चलते अब सभी प्रकार के शासकीय कार्यो को आन लाइन व्यवस्था से जोड़े जा रहे है, मगर ग्रामीण क्षेत्रों में यह व्यवस्था आम लोगों के लिए सुविधा की जगह दुविधा बनने में कोई कसर नही छोड़ रही है? बताया जाता है कि इस समय जहां किसानों के अनाज खरीद कार्य करने के लिए सरकार द्वार चलाई जा रही अनेक योजना से लेकर छात्र छात्राओं के लिये अनेक प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लेने के लिये पंजीयन व फार्म भरने का कार्य चल रहे है। वही सेवा सहकारी समितियों में अपने उपभोक्ताओं के लिए खाद्यान्न वितरण कार्य भी मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके चलते देखा जा रहा है कि सेवा सहकारी समितियों में प्रतिदिन अपना रजि. कराने वाली किसानों की भीड़ लग रही हैं। मगर यहां पर आये दिन सर्वर डाऊन होने के कारण किसानों के रजि. नही हो



पाने की स्थिति में उन्हें खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति उन गरीबों की भी देखने मिल रही है जो सेवा सहकारी समिति में जब वह अपना खाद्यान्न लेने पहुंचते है तो वहां पर अनेक लोगों के पी ओ एस मशीन में फिंगर प्रिंट मेल नही खाने के कारण उनकी पर्ची नही मिलकर पा रही है। इस प्रकार से शासन द्वारा अच्छी सोच के चलते शुरू की गई यह सुविधा अब किसानों के साथ साथ आम लोगों के लिए दुविधा साबित होने में कोई कसर नही छोड़ रही है? वही दूसरी ओर इस तरह से सर्वर में आ रही तकनीकी खराबी के चलते यहां पर कार्य करने वाले लोगों को आम उपभोक्ताओं के कोप का शिकार होना पड़ रहा है, जिसके चलते हितग्राही व सोसाईटी में कार्य करने वाले लोगों का कहना है कि सर्वर डाउन और फिंगर की समस्या के लिए बैकल्पिक व्यवस्था होना चाहिए जिससे सभी लोगों को आसानी से शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके मगर ऐसा नही हो पाने की स्थिति में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस समस्या के निदान की ओर न तो अधिकारी ध्यान देते हुये जान पड़ रहे है और नही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिधि?

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री मोहन यादव का 1 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश में 13 दिसंबर 2023 को डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गठित भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सफल एवं सार्थक एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। सफल सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर अनूपपुर भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश के कुटीर उद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, जितेंद्र सोनी जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार का यह प्रथम वर्ष मध्यप्रदेश में सुशासन, विकास और विरासत के संवर्धन के लिए समर्पित रहा है। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास " के साथ गौरवशाली सम्पन्न एवं विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना को साकार करने का ईमानदार प्रयास किया हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की उन्नति के लिये किसान, गरीब, महिला और युवाओं के लिये सफलता के द्वार खोल दिये हैं, इससे इन वर्गों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने कम समय में ही अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। अंत्योदय यानी समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का कल्याण हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमारी सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जन-जन के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर आगे बढ़ते रहेगी। प्रदेश सरकार का यह एक वर्ष मध्यप्रदेश को विकसित, गौरवशाली, वैभवशाली, संपन्न और समृद्ध बनाने के अभियान में मील का पत्थर साबित होगा। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करने के पश्चात उपस्थित पत्रकारों के सवालों का जवाब भी दिया और अनूपपुर जिले के विकास में कोई कमी नहीं आएगी इसका भरोसा सभी को दिया। उन्होंने प्रेस वार्ता के उपरांत सामतपुर तालाब स्थित सरकार की 1 वर्ष की उपलब्धियां को लेकर लगाए गए होर्डिंग का अवलोकन किया।

## केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**अनूपपुर।** 14 दिसंबर को केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 62वां स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिपाल सिंह गुर्जर आई. ए.एस.,अनुविभागीय दंडाधिकारी, अनूपपुर रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत सर्वप्रथम स्काउट की कलर पार्टी द्वारा किया गया। कलर पार्टी मार्च करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को मंच तक मार्च पास करते हुए लेकर गए, वहां पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा हल्दी-कुमकुम लगाकर अतिथियों कास्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा केसमक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी एवं कक्षा प्रथम के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का हरित पादप भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया तथा उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इतिहास, उसकी कार्य एवं प्रशासन प्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बतायाकि 15 दिसम्बर 1963 को 20 रेजिमेंटल विद्यालयों के साथ शुरू हुई यह यात्रा आज 1256 केन्द्रीय विद्यालयों तक पहुंच चुकी है और शैक्षणिक उत्कृष्टता की यह यात्रा अनवरत जारी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ गणेश वंदना एवं नृत्य द्वारा किया गया। कक्षा 9वी की छात्रा मान्या त्रिपाठी एवंयशिका पांडे ने केन्द्रीय विद्यालय के इतिहास एवं यहाँ प्राप्त होने वाली शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए किये जाने वाले प्रयासों पर अपने विचार रखें।

**विकासखंड बजाग में संपन्न हुआ अल्पविराम कार्यक्रम**

# आनंदम कार्यक्रम में बचपन की यादें हुई ताज़ा

*तनाव मुक्त रहने के लिए अपने कार्यों के साथ परिवार को भी देवें समय*





**डिंडोरी** - मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बजाग जिला डिंडौरी के मार्गदर्शन में बजाग में शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके दैनंदिनी कार्यों में सकारात्मक भाव बढ़ाने की दृष्टि से शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास , स्वास्थ्य विभाग,राजस्व विभाग,वन विभाग, पुलिस एवं कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए जनपद में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि राधे श्याम कुशराम, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बजाग, एम एल धुर्वे मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजाग के द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलित किया गया। मंजुषा शर्मा शेख एवं नीलम विश्वकर्मा के द्वारा प्रार्थना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सीईओ सर् ने उद्बोधन में कहा कि राज्य आनंद संस्थान व्यक्ति को आनंदित रखने हेतु प्रयासरत हैं । उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार होते रहना चाहिए जिससे कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति होती है एवं मानसिक रूप से वह स्वस्थ रहते हैं लगातार काम की तनाव में वह अपने आप को समय नहीं दे पाते और मानसिक एवं शारीरिक रूप से तनाव ग्रस्त रहते हैं इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगों में आनंद की अनुभूति के साथ-साथ पारिवारिक सामाजिक सद्भावना भी जागृत होती है अल्पविराम जैसे कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम को मास्टर ट्रेनर नीलम विश्वकर्मा, मंजुषा शर्मा शेख आनंदम सहयोगी सोहन साहू, रजनी बैरागी द्वारा संचालित किया गया। डॉ विकास जैन, तबस्सुम खान,पंकज पाटीदार, सरिता ठाकुर एवं अन्य प्रतिभागियों ने भी अपना अनुभव शेयर करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से हम सभी का मन आज प्रफुल्लित हो गया है और हम सभी ने अपने बचपन की यादों एवं अपने अच्छे चाहने वाले, बुरे चाहने वाले लोगों को याद किया किस प्रकार हम अपने मन में दया का भाव जागृत कर सकते हैं लोगों की मदद कर सकते हैं लोगों से मदद ले सकते हैं पारिवारिक संबंध अच्छे रख सकते हैं सीखने को मिला।

इस कार्यक्रम में विकासखंड के 60 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन में जनपद पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## प्रतिदिन श्रीराम भक्त सुबह 5:00 से नगर भ्रमण कर ढोलक मंजीरे के साथ जन जागरण का दे रहे संदेश



**डिंडोरी शहपुरा** - डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर स्थित श्री राम मंदिर शहपुरा के द्वारा कई वर्षों से भक्तों के द्वारा सुबह-सुबह प्रभात फेरी निकाली जाती है और आज फिर इसी को लेकर भक्तों के द्वारा शहपुरा नगर भ्रमण करते हुए अलख जगाते हुए भ्रमण किया गया।हम आपको बता दें कि विगत कुछ वर्षों पूर्व से ही प्रभात फेरी का आयोजन हो रहा है, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में *श्री राम मंदिर शहपुरा* के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है जिसमें प्रतिदिन श्रीराम सेवक ढोलक मंजीरे के ताल पर राम नाम का सुमिरन कर नगर में प्रतिदिन जनजागरण का संदेश दे रहे हैं ।

## निजी विद्यालय के अंदर कुत्ते ने छात्र को किया लहूलुहान

**अनूपपुर।** जिले के ग्राम पंचायत भाद अंतर्गत संचालित निजी विद्यालय त्रिशा इंग्लिश मीडियम स्कूल भाद में एक नन्हे मुन्हें बच्चे को विद्यालय संचालन के समय कक्षा के अंदर घुसकर कुत्ते द्वारा काटे जाने की घटना से उक्त बच्चे के अभिभावक द्वारा आहत होकर तथा विद्यालय में फैली भारी अनियमितता एवं लापरवाही के सम्बन्ध में अनुविभागीय अधिकारी कोतमा को लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है।

### यह है मामला

मूरत केवट पिता-पटेल केवट, निवासी ग्राम भाद, तहसील कोतमा द्वारा अपने पुत्र मयंक केवट का एडमिशन ग्राम पंचायत भाद अंतर्गत संचालित निजी विद्यालय त्रिशा इंग्लिश मीडियम स्कूल भाद में कराया गया, जो विद्यालय में केजी 02 में अध्ययनरत है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र को विद्यालय के वाहन से विद्यालय भेजा गया था, और लगभग सुबह 9.30 बजे विद्यालय से फोन कर यह बताया गया कि क्लासरूम में घुसकर एक कुत्ते ने उसके पुत्र के ऊपर हमला कर दिया है, जिससे उसके चेहरे पर चोट आई है, आप उसे घर ले जाकर उसका ईलाज कराइये। घटना की जानकारी के तुरंत बाद आवेदक आनन फानन में स्कूल पहुंचा और अपने मासूम से बच्चे को लहूलुहान हालत में देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसका जिम्मेदार स्कूल के स्टाफ और संचालक को बताया। जिसके बाद स्वयं आवेदक द्वारा बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा ले जाकर उसका इलाज कराया गया।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ने मीशा बंदी का सम्मान कर लिया आशीर्वाद



**शहपुरा**-भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव में शहपुरा मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता एवं नगर के वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद भजन दास चक्रवर्ती ने मंडल अध्यक्ष की घोषणा उपरांत शहपुरा नगर के वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद लिया साथ ही पार्टी के पित्र पुरुष मीशा बंदी जय नारायण साहू के निवास पर पहुंचकर शाल श्रीफल से उनका सम्मान कर आशीर्वाद लिया वही अधिवक्ता भजन चक्रवर्ती के मंडल अध्यक्ष बनने पर साहपुर नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है भाजपा संगठन की समस्त कार्यकर्ता सहित अधिवक्ता संघ में भी भजन चक्रवर्ती के मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## ज्ञानवती का राष्ट्रीय एकता शिविर में हुआ चयन



**शहपुरा।** राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है और मध्य प्रदेश से प्रतिनिधत्व करने के लिए 9 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है । जिसमें डिंडोरी जिले का (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस) शासकीय चंद्र विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिंडोरी से बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा ज्ञानवती पिता चैन सिंह का चयन हुआ है। इसके लिए पूरा महाविद्यालय परिवार हर्ष व्यक्त कर रहा है और छात्रा ज्ञानवती को nss ऑफिसर आई सी परणा और महाविद्यालय प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक (युवराज बेलिया) योगेश तेकाम, सतपाल सिंह ,चंद्रभान पट्टा उन्हे शुभकामनाओं के साथ शिविर में भेजा गया है। यह शिविर 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक रानीगंज (वेस्ट बंगाल) में आयोजित होगी , जिसमे अलग-अलग राज्यों से पधारे दलों के द्वारा ,सांस्कृतिक कार्यक्रम, तथा क्षेत्रीय ,बोली भाषा, प्रस्तुति करते हैं और जानने तथा समझने का अवसर मिलता है।

## निशुल्क नेत्र शिविर का शहपुरा नगर में हुआ आयोजन



**शहपुरा।** मानस सद्भावना सेवा समिति के तत्वाधान में सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के द्वारा शहपुरा नगर के श्री राम जानकी मंदिर में विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 70 से अधिक नेत्र रोगियो का पंजीयन कर जांच की गई एवं लगभग 10 मरीज जिनका जांच के दौरान मोतियाबिंद पाया गया उनके ऑपरेशन के लिए उन्हें मानस सद्भावना समिति के द्वारा अपने वहां पर जबलपुर ले जाया गया जहां पर उनके नेत्र का सफल ऑपरेशन किया जाएगा नेत्र ऑपरेशन मानव सद्भावना समिति के द्वारा पूर्णतः निशुल्क किया जाता है साथ ही दवाइयां एवं चश्मा रहने एवं भोजन की व्यवस्था भी समिति के द्वारा पूर्णता निशुल्क की जाती है मानस सेवा सद्भावना समिति जबलपुर के द्वारा शहपुरा क्षेत्र में लगातार इस तरह के निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाकर मानव सेवा की जा रही है जिसमें सैकड़ो मरीज को लाभ प्राप्त हो रहा है उक्त शिविर के शुभारंभ के अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक श्याम गुप्ता विष्णु अवधिया ज्ञानदीप त्रिपाठी गिरजा कारपेंटर वार्ड के पार्षद सुरेंद्र साहू सागर साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

## अंकित गुप्ता को शाहपुर मंडल अध्यक्ष का सौंपा गया दायित्व



**डिंडोरी।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा के डिंडोरी जिले में हाल ही में संपन्न हुए मंडल अध्यक्षों के चुनाव में शाहपुर मंडल की कमान युवानेता अंकित गुप्ता को सौंपी गई है ।

कार्य शैली संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें शाहपुर मंडल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है अंकित गुप्ता के मंडल अध्यक्ष की ओपचारिक घोषणा के बाद से उनके शुभचिंतकों सहित उनके रिश्तेदारों मित्रों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से बधाई और शुभकामनाएं मिल रही हैं।समर्थकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में शाहपुर मंडल भाजपा के सिद्धांतों और संगठन आत्मक लक्ष्य को मजबूती से आगे बढ़ाएगी भविष्य की योजनाएं एवं नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने अपने चयन के लिए पार्टी के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे भाजपा के युवा नेता अंकित गुप्ता को शाहपुर मंडल अध्यक्ष बनाना पार्टी में युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने का संकेत है उनके अनुभव और उत्साह से शाहपुर मंडल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद है।

## मेंहदवानी में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

**मेंहदवान।** मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन विकास खंड मेंहदवानी द्वारा डीडीयूजीकेवाई योजना अंतर्गत मोबिलाईजेशन एवं रोजगार शिविर का आयोजन विकास खण्ड मुख्यालय मेहदवानी में किया गया। शिविर में डीडीयूजीकेवाई , वर्धमान यार्नस, SIS सुरक्षा गार्ड अनूपपुर आदि संस्थानों द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण एवं नियोजन तथा सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। शिविर में 117 युवाओं ने भाग लेकर अपना पंजीयन कराया जिसमें 53 बेरोजगार युवाओं का चयन किया गया। शिविर में बेरोजगार युवाओं के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार ओझा जनपद पंचायत मेहदवानी एवं आजीविका मिशन के जिला तथा ब्लाक स्तर के अधिकारी कर्मचारियों सहित विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे।



## साहू समाज की 84 की हुई बैठक, लिए गए अहम निर्णय

### वैवाहिक सम्बंध के बंधन से मुक्त हुआ समाज



**शहपुराः**-साहू समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए आज साहू समाज की 84 का बैठक ग्राम बिलगांव में आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया की विकासखंड शहपुरा अंतर्गत समस्त साहू समाज के लोग अपने मर्जी से कहीं भी विवाह कर सकेंगे किसी प्रकार कोई बंदिश नही रहेगी । इसी प्रकार समाज में व्याप्त कूरिती जैसे धार्मिक कार्यक्रम में कपडें देने की प्रथा में परिवर्तन,म्रत्यु भोज में प्रतिबंध ऐसे तमाम छोटी-मोटी बुराईयों में अंकुस लगाने का निर्णय लिया गया । इस बैठक में ग्राम मेंहदवानी, सारसडोली,डुंडीसरई, करोंदी, बरगांव,अमठेरा, ढोंढा सहित विभिन्न ग्राम के वरिष्ठजन,शिक्षक,अधिवक्ता, चिकित्सक, किसान, पंचायत कर्मचारीगण सहित विद्वान समाजसेवी उपस्थित रहे है।

## केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस



**अनूपपुर।** 14 दिसंबर को केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 62वां स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिपाल सिंह गुर्जर आई. ए.एस.,अनुविभागीय दंडाधिकारी, अनूपपुर रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत सर्वप्रथम स्काउट की कलर पार्टी द्वारा किया गया। कलर पार्टी मार्च करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को मंच तक मार्च पास करते हुए लेकर गए, वहां पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा हल्दी- कुमकुम लगाकर अतिथियों कास्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा केसमक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी एवं कक्षा प्रथम के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का हरित पादप भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया तथा उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इतिहास, उसकी कार्य एवं प्रशासन प्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बतायाकि 15 दिसम्बर 1963 को 20 रेजिमेंटल विद्यालयों के साथ शुरू हुई यह यात्रा आज 1256 केन्द्रीय विद्यालयों तक पहुंच चुकी है और शैक्षणिक उत्कृष्टता की यह यात्रा अनवरत जारी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ गणेश वंदना एवं नृत्य द्वारा किया गया। कक्षा 9वी की छात्रा मान्या त्रिपाठी एवंयशिका पांडे ने केन्द्रीय विद्यालय के इतिहास एवं यहाँ प्राप्त होने वाली शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए किये जाने वाले प्रयासों पर अपने विचार रखें। इसके उपरांत केंद्रीय विद्यालय संगठन का गान- "भारत का स्वर्णिम गौरव केंद्रीय विद्यालय लाएगा"- विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इसके उपरांत उड़िया भाषा का लोक नृत्य कक्षा पांचवी की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्हीं कड़ियों में,- "मैं आइना हूं इतिहास का"- फ्यूजन डांस प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए किस तरीके से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं के बारे में छात्रों को वृहद जानकारी दी उन्होंने अपने सारगर्भित भाषण में विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्ययोजना बनाकर अध्ययन करने का सुझाव दिया। उनके प्रेरक प्रसंग को सुनकर विद्यार्थी गदगद हो गए। इसके उपरांत विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती सुमनासेन गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। तदुपरांत राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्दी शिक्षक आर. जी. प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक संतोष झा, स्थानीय पत्रकार तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# अनूपपुर में होगा सर्व सेवा संघ का 91 वां राष्ट्रीय अधिवेशन

### महात्मा गांधी के पोते तुषार गांधी करेंगे उद्घाटन, देश भर से 350 डेलीगेट्स लेंगे भाग



**अनूपपुर**

सर्वोदय विचार की सर्वोच्च संस्था सर्व सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति और अधिवेशन सर लगन पैलेस अनूपपुर में 21, 22 व 23 दिसंबर को संपन्न होगा। जिसका उद्घाटन महात्मा गांधी के पोते प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता तुषार गांधी करेंगे। अधिवेशन में देश भर से 350 डेलिगेट्स हिस्सा लेंगे। तदाशय की जानकारी वरिष्ठ सर्वोदय सेवक पत्रकार साहित्यकार संतोष कुमार द्विवेदी और सर्व सेवा संघ के युवा सेल के राष्ट्रीय संयोजक भूपेश भूषण ने दी। आपने बताया कि विंध्य में सर्व सेवा संघ का यह पहला राष्ट्रीय आयोजन है जिसमें देश भर के लगभग सभी ख्यात गांधीजन हिस्सा लेंगे। जिसमें सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन पाल सहित सभी पदाधिकारी, गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशांत, गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष रामचंद्र राही, गांधी नेशनल म्यूजियम के डायरेक्टर डॉ ए. अन्ना मलाई, गांधी भवन न्यास के अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव दयाराम नामदेव, सम्यक अभियानक प्रवर्तक वरिष्ठ लेखक विचारक भास्कर राव रोकड़े, पूर्व संसद और गांधी विचार की वाहक मीनाक्षी नटराजन, पूर्व आईएएस और लेखक राजीव शर्मा, पूर्व हाई कोर्ट जस्टिस मनोरंजन मोहंती, डॉ विश्वजीत रॉय, मध्यप्रदेश गांधी स्मारक निधि की सचिव दमयंती पाणी आदि के नाम उल्लेखनीय है। ज्ञात हो कि सर्व सेवा संघ गांधी विचार की सर्वोच्च संस्था है। जिसका निर्माण आजादी के तुरंत बाद महात्मा गांधी के विचारों के प्रचार प्रसार और तदनुरूप समाज निर्माण के उद्देश्य से सेवाग्राम आश्रम में 13 से 15 मार्च 1948 के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुए सम्मेलन में पंडित जवाहरलाल नेहरू, आचार्य विनोबा भावे, आचार्य कृपलानी, सुचेता कृपलानी, डॉ जाकिर हुसैन, जयप्रकाश नारायण, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जे सी कुमारप्पा, आशा देवी आर्यनायकम जैसे महापुरुषों की उपस्थिति में किया गया था। अहिंसक समाज के निर्माण व विकास की दिशा में सर्व सेवा संघ ने तब से अब तक कई महान कार्य किए हैं। आचार्य विनोबा भावे के प्रेरक नेतृत्व में भूदान, ग्रामदान और ग्रामस्वराज्य का अभूतपूर्व ऐतिहासिक कार्य हुआ, जिसके तहत 48 लाख एकड़ जमीन दान में प्राप्त कर भूमिहीन दलितों और आदिवासियों को वितरित की गई। सर्वोदय आंदोलन के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में अशांत कश्मीर, मिजोरम और नागालैंड में शांति स्थापना के प्रयासों के साथ ही लोकतांत्रिक तरीके से इन चुनौतियों के समाधान का रास्ता ढूंढने की जमीनी कोशिश की गई। बांग्लादेश संकट के समाधान और भारत में लोकतंत्र पर उत्पन्न खतरे के विरुद्ध भी सर्व सेवा संघ ने जे. पी. के नेतृत्व में असाधारण कार्य किया । महंगाई, बेरोजगारी, कुशिक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दों से जोड़ते हुए छात्रों के असंतोष को संपूर्ण परिवर्तन के आंदोलन तक पहुंचाया। यह सिलसिला रुका नहीं है। सर्व सेवा संघ अहिंसक और लोकतांत्रिक समाज निर्माण हेतु निरंतर प्रयत्नशील है। सर्व सेवा संघ राष्ट्रीय में अपने पिछले कार्यों की समीक्षा और आगामी कदमों के निर्धारण हेतु लोक सेवकों का छमाही अधिवेशन करने की परंपरा रही है। अधिवेशन अनूपपुर में 22, 23 दिसंबर 2024 को होने वाला यह 91वाँ अधिवेशन है।

## खबर संक्षेप



### नेशनल लोक अदालत में 141 व्यक्ति हुये लाभान्वित

**तेन्दूखेड़ा।** सिविल न्यायालय की विधिक सेवा समिति द्वारा न्यायालय परिसर तेंदूखेड़ा मे आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्री अरविंद मीणा के द्वारा द्वीप प्रज्व्वलित कर किया गया। जिसमें अधिवक्ता संघ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सोनाटा फाइनेंस बैंक पंजाब नेषनल बैंक म0प्र0 ग्रामीण बैंक इत्यादि बैंको के कर्मचारी एवं बैंको से संबंधित पक्षकार सहित न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में पारिवारिक विवाद सिविल प्रकरण राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण जल-विद्युत कर आदि से संबंधित प्रकरणो का आपसी समझौते से निराकरण किया गया। जिसमें कुल प्रीलिटीगेशन के 140 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 7192,91- रूपये की राशि का समझौता हुआ जिसमें 141 व्यक्ति लाभान्वित हुए । न्यायालय में कुल 20 प्रकरण निराकृत किये जिसमें 51 व्यक्ति लाभान्वित होकर 250000 रूपये का समझौता निराकरण हुआ। समझौता करने वाले पक्षकारों को वृक्ष भेंट कर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौता करने हेतु आभार व्यक्त किया गया

### दिव्यांगता परीक्षण शिविर का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में विकास खंड स्तरीय दिव्यांगता परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला मेडिकल बोर्ड की टीम ने दिव्यांगो का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किये। शिविर में 41 पंजीयन हुये थे जिसमें 8 लोग अपात्र पाये गये।शेष 33 दिव्यांगो की जांचें की गई। इन्हें वयोश्री योजना एवं एडिप योजनांतर्गत दिव्यांग एवं बृद्ध जनों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविर में हड्डी रोग से डा डी पी पंथी नेत्र चिकित्सा से डा आदित्य साहू मानसिक रोग से डा राहुल नेमा नाक कान गला से उपेन्द्र सिंघई कार्डियोलॉजिस्ट से राकेश लोधी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डा दामोदर जाटव सुपरवाइजर शफीक कुरैशी घनश्याम तथा अभय जाट का सराहनीय सहयोग रहा।

### पोस्टर प्रतियोगिता ब्रजेश प्रथम



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा बाल मजदूरी पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आगाज इंटर्न श्रुति गुप्ता और उनकी टीम के द्वारा बाल मजदूरी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र इकाई से बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान ब्रजेश चैधरी , द्वितीय स्थान दिनेश अग्रवाल तथा तृतीय स्थान शरद साहू ने प्राप्त किया।

### चलित न्यायालय का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वयोश्री एवं एडिप योजना अंतर्गत चिन्हित वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण का वितरण और उनकी शिकायतों व समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए चलित न्यायालय-मोबाइल कोर्ट का आयोजन 15 दिसम्बर को सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगांव में किया जायेगा। उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नरसिंहपुर ने कहा कि किसी भी दिव्यांग को कोई समस्या है, तो वह आवश्यक दस्तावेज सहित आयोजित शिविर में उपस्थित हो सकता है।

### मोहन सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर कैबिनेट मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

# सरकार का प्रथम वर्ष मप्र में सुशासन, विकास और विरासत के लिए समर्पित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भाजपा कार्यालय मे प्रेस वार्ता का आयोजन कर कैबिनेट मंत्री द्वारा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां को बताया गया। पत्रकार वार्ता को संबोधित किया मंत्री श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि 13 दिसंबर 2023 को डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में गठित सरकार ने सफल एवं सार्थक एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। सरकार का यह प्रथम वर्ष मध्य प्रदेश में सुशासन, विकास और विरासत के संवर्धन के लिए समर्पित रहा है। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ गौरवशाली सम्पन्न एवं विकसित मध्य प्रदेश की संकल्पना को साकार करने का ईमानदार प्रयास किया हैं।

#### विकास कार्यों का होगा लोकार्पण

प्रदेश की उन्नति के लिये किसान गरीब महिला और युवाओं के लिये सफलता के द्वार खोल दिये हैं राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याण पर्व शुरू किया गया है जिसमें जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित नागरिकों को शिविर लगाकर लाभान्वित किया जायेगा साथ ही विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि किये जायेंगे। डॉ. मोहन यादव जी की सरकार ने संबल 2,0 के अंतर्गत 1 करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीयन। 40 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 895 करोड़ रुपये से अधिक की अनुग्रह राशि का अंतरण सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में प्रतिमाह 55 लाख हितग्राहियों को 3



हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का अंतरण। पीएम स्वनिधि योजना में 11 लाख से अधिक हितग्राहियों को 10 से 50 हजार रूपये तक के ऋण सहायता उपलब्ध कराई गई।

#### पात्रों से मिल रहा योजनाओं का लाभ

इसी प्रकार युवाओ के लिये राज्य स्तरीय रोजगार दिवस के अवसर पर रिकॉर्ड 7 लाख युवाओं को 5 हजार करोड़ रुपये का स्व रोजगार ऋण वितरित हुआ। आगामी समय में सभी शासकीय विभागों में लगभग 1 लाख पदों पर भर्तियां की जाएंगी साथ ही 5 वर्ष में 2 लाख 50 हजार सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उच्च शिक्षा के उद्देश्य से 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ किया गया है। महिला सशक्तिकरण हेतु म.प्र. में शासकीय सेवाओं में महिलाओं को अब 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। लाड़ली बहना योजना में 1,29 करोड़ बहनों को जनवरी 2024 से अब तक 19 हजार 212 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया गया। रक्षाबंधन पर बहनों को 250 रूपये अतिरिक्त राशि नेग के रूप में दी गई। साथ ही 26 लाख लाड़ली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर हेतु 715 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी गई प्रदेश में एक लाख से अधिक दीदीयां लखपति बनी हैं।

#### 456 संकल्पों को किया जायेगा पूरा

सरकार द्वारा वर्ष 2024 गौरक्षा वर्ष के रूप से बनाया जा रहा है। जिससे गौवंश का संरक्षण व संवर्धन सुरक्षित रह सके। पर्यटन को बढावा देने के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ कर अधिक से अधिक नगरों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार अधोसंरचना विकास हेतु कृत संकल्पित है जिसके अंतर्गत रेल्वे राष्ट्रीय राजमार्ग स्टेट हाईवे व प्रधानमंत्री ग्रामीण सडकों का लगातार निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश की उन्नति और प्रगति व जनता की खुशहाली के लिए जो संकल्प पंत्र सरकार द्वारा जारी किया गया था उसे पूरा करने हेतु सरकार चरणबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। अब तक 456 संकल्पों में से 45 संकल्प पूरे किए जा चुके है। और 268 संकल्पों पर तेजी से कार्य किया जा रहा है जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण किया जा सके। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में पत्रकार जन उपस्थित रहे।

## निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मुशरान वार्ड विकास समिति एवं आशादीप सूत्र संस्था के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका नरसिंहपुर एवं मुशरान वार्ड के पार्षद इंजी. रुद्रेश तिवारी द्वारा एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर में किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चैरिटेबल ट्रस्ट झोंतेश्वर द्वारा संचालित शंकराचार्य नेत्रालय के डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। उद्घाटन सत्र के अतिथि पं. मैथिलीशरण तिवारी, अध्यक्ष भारत कृषक समाज, वरिष्ठ समाजसेवी इंजी. सुनील कोठारी, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती कुसुम साहू, रोटे. संजय मानसाता, कैंप मेनेजर दीपक सराठे तथा मनोहर हीगड़े की उपस्थिति में मां राजराजेश्वरी का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्जवलन कर ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वारूपानंद सरस्वती जी महाराज तथा द्वविारिका पीठाधिश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इजी. रूद्रेश तिवारी ने स्वागत उदबोधन में कहा कि इसके पूर्व मुशरान वार्ड में आयोजित प्रथम शिविर में बड़ी संख्या में आंख के मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें मोतियाबिंद के 64 मरीजों का निः शुल्क उपचार कराया गया। शिविर का समापन समाजसेवी पंकज नेमा सराफ, नीरज नेमा सराफ, प्राचार्य डॉ अशोक कुमार गर्ग एवं राजेन्द्र मनोहर तिवारी की उपस्थिति में किया गया। शंकराचार्य नेत्रालय के डॉ उमेश प्रजापति, डॉ आफताब खान, डॉ महेश विश्वकर्मा, कैंप मेनेजर दीपक सराठे सहित स्टाफ मेंम्बर्स अरविंद राजपूत, आशीष कुमार मेहरा, नितिन ठाकुर तथा प्रदीप प्रजापति को






स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा तथा आभार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। कैंप के सफल संचालन में एनसीसी कैड्टिस तथा रोसेयो स्वयंसेवकों द्वारा सेवाये दी गई। शिविर के संचालन में विशेष सहयोगी ओ. पी. दुबे, गोविन्द दुबे, ठा. आकाश सिंह, ले. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, संतोष दुबे, रीतेश राय, प्रभात तिवारी, विवेक जोशी, महेश पाठक, जीतू रैकवार तथा करीम खान की भूमिका रही। शिविर के अंतर्गत 186 मरीजों ने रजिस्टेशन कराया तथा 42 चयनित मरीजों को निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु शंकराचार्य नेत्रालय झोंतेश्वर के लिये बस द्वारा रवाना किया गया।

### सिविल सर्जन ने किया क्लब फुट का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय अधिकारी के माध्यम से अनुष्का फाउंडेशन क्लिनिक (क्लबफुट) का शुभारंभ किया गया। अनुष्का फाउंडेशन एवं जिला चिकित्सालय के माध्यम से क्लब फुट वाले बच्चों का निशुल्क उपचार प्रति बुधवार किया जावेगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ गुरु चरण चैरसिया द्वारा क्लब फूड क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ प्रणव सेन, डॉ नवीन जैन, आर एम ओ डॉ राहुल नेमा, राजेंद्र डेहरिया परामर्शदाता प्रशांत सोनी एवं अनुष्का फाउंडेशन कोऑर्डिनेटर अभिषेक रैकवार उपस्थित रहे।

## दबंग के कब्जे से अमृत सरोवर को ग्रामीणों ने कराया मुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा जल संरक्षण की दिशा में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया है लेकिन इन अमृत सरोवर का क्षेत्रीय दबंग दुरुप्रयोग करने से बाज नहीं आ रहे है। ऐसा ही मामला नरसिंहपुर जिले के ग्राम पंचायत पंजार । के थुहरी कला में देखने को मिला जहां लम्बें समय से क्षेत्र का दबंग अमृत सरोवर के पानी का उपयोग अपने खेत की सिंचाई के लिए कर रहा था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर भी की थी, लेकिन उचित कार्रवाई न होने की स्थिति में ग्रामीणजनों ने उसे कई बार समझाइश भी दी, लेकर दबंग अपने कृत्यों पर अड़ा रहा। जिससे परेशान होकर ग्रामीणजन एकजुट हुए और दबंग की दबागयाई की परवाह न करते हुए, उसका विरोध करते हुए अमृत सरोवर में पानी निकासी के लिए लगाई गई मोटर को उखाड़ फेका। जिसकी जानकारी जब दबंग को लगी तो वह आग बबूला होकर वह पहुंचा लेकर ग्राम वासियों की एकजुटता के आगे उसकी एक न चली, जिन्हें देख लेने की बात कहकर वह वहां से चला गया। लेकिन ग्रामीणों की एकता ने अनुपम उदाहरण देते हुए, अमृत सरोवर को दबंग के कब्जें से मुक्त कराया।

### दो युवकों ने नाबालिग के साथ जंगल में किया दुष्कर्म

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते दिनों थाना क्षेत्र गोटेंगांव निवासी युवती द्वारा मां के साने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई के उसे के साथ क्षेत्र के ही दो लोगों द्वारा दुष्कर्म को अंजाम दिया गया। बताया गया कि दो युवकों ने एक नाबालिग के साथ जंगल मे दुष्कर्म किया और उसे मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने किशोरी को मिलने के बहाने जंगल में बुलाया और उससे दुराचार किया। जब बालिका ने घटना का विरोध किया, तो दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसे चुपचाप रहने की सलाह दी। डरी सहमी किशोरी जब घर पहुंची, तो उसने सारी बात अपनी मां को बताई, जिसके बाद परिजनों ने गोटेगांव थाने पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पीड़िता की शिकायत पर गोटेगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। शिकायत के अनुसार दुष्कर्म के आरोपित कल्याण पटेल क्षेत्र की ही निवासी एक नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर लम्बे समय से उसका दैहिक शोषण कर रहा था, इस कुकर्म में उसका एक साथी भी शामिल था। आरोपितों के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।


## पीड़िता ने एसपी आफिस में की दहेज प्रताड़ना की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र सुआतला के ग्राम नांदिया बिल्हेरा की निवासी शेफाली प्रजापति ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ति किया गया और दहेज में 2 लाख रुपये की मांग की गई। शेफाली का विवाह 18 फरवरी 2023 को आदर्श प्रजापति के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। शेफाली ने बताया कि जून 2024 में उन्होंने नरसिंहपुर महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से समझौता होने के बाद ससुराल पक्ष ने उन्हें साथ ले जाने और देखभाल करने का वादा किया था। लेकिन कुछ समय बाद फिर से प्रताड़ना शुरू हो गई। अंततः उन्हें घर से निकाल दिया गया, और उनके पति उन्हें राजमार्ग पर अकेला छोड़कर चले गए। सितंबर 2024 में आपरेशन के माध्यम से शेफाली ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका पूरा खर्च उनके माता-पिता ने उठाया। ससुराल पक्ष ने न तो बच्चे को देखने अस्पताल आए और न ही कोई आर्थिक मदद की। पीड़ति ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, और मानसिक प्रताड़ना का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, वह अपने बच्चे के साथ मायके में असहाय रूप से रहने को मजबूर हैं।

## केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मे 62 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सुधीर सिंघई-फिजिशियन, विद्यालय प्रबंधन समिति उपस्थित रहे एवं डॉ राजेश ठाकुर, श्रीमती किरण ठाकुर, सदस्य विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय के भूतपूर्व कर्मचारी भगवानदास कहार एवं माधव नागवंशी तथा बच्चों के पालकों ने अपनी सहभागिता दी। अतिथियों को विद्यालय प्राचार्य सुश्री अर्चना गोविल के द्वारा स्वागत भेंट स्वरुप पौधे देकर एवं विद्यालय की उपलब्धियों का संक्षिप्त ब्रोशर वितरित कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने कार्यक्रम को जीवांत बना दिया। विद्यालय प्राचार्य ने अपने स्वागत भाषण में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का संक्षिप्त परिचय देते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन में सफल बनने के लिये अधिक से अधिक मेहनत करने पर जोर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कक्षा-9 की छात्राओं के द्वारा ''केन्द्रीय विद्यालय गीत'' पर कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों के द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन ने कार्यक्रम में प्राण फूंकने का काम किया। विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा सुश्री तपस्या परिहार (आई.ए.एस.)एवं भूतपूर्व छात्र जिज्ञासु अग्रवाल ने कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जुडकर विद्यालय मे बिताए हुए समय तथा अनुभव के बारे में बताया। तत्पश्चात विद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के शिक्षकों द्वारा निर्मित वीडियो को सभी दर्शकों को दिखाया। बाल वाटिका के नन्हे मुन्ने बच्चों ने कार्यक्रम को रोमांचित बना दिया। मुख्य अतिथि डॉ सुधीर सिंघई ने अपने उद्बोधन में केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा बच्चों के विकास एवं व्यक्तित्व के निर्माण के लिये किये गये प्रयासों के बारे में बताया और विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के कार्यों को सराहा। अंत में कार्यक्रम की संपूर्ण प्रभारी श्रीमती हिना दुबे, पी.जी.टी. फिजिक्स ने सभी आगंतुकों, प्राचार्य एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## अंजनी सोनी नगर मंडल अध्यक्ष एवं अभिषेक पटेल ग्रा.म.अध्यक्ष नियुक्त

**गोटेगांव।** स्थानीय नगर मंडल अध्यक्ष पद पर अंजनि दीपक सोनी की नियुक्ति की घोषणा की है। यह निर्णय पार्टी की ओर से कार्यकर्ताओं के बीच रायशुमारी और विचार-विमर्श के बाद लिया गया। अंजनी सोनी को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच उनके प्रभावशाली कार्य और सक्रियता के लिए जाना जाता है।

#### प्रमुख नेताओं का समर्थन

अंजनि दीपक सोनी को कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी इं सरदार सिंह पटेल,सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जनप्रतिनिधियों का करीबी माना जाता है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।अंजनि सोनी पटेल वार्ड से तीन बार की निर्वाचित पार्षद रही हैं,नगर मंडल अध्यक्ष पद के लिए नाम तय करने से पहले पार्टी ने कार्यकर्ताओं की रायशुमारी की,अंजनि सोनी ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगी। उन्होंने कहा ञ्पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को और मजबूत करने का प्रयास करूंगी, वहीं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पद पर अभिषेक पटेल की नियुक्ति की गई हैं, दोनों की नियुक्ति से पार्टी में हर्ष का वातावरण है।

## गोटेगांव पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर किया फ्लैग मार्च



**गोटेगांव।** पुलिस थाना के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मृगांखी डेका के निर्देशानुसार और एसडीओपी भावना मरावी के मार्गदर्शन में गोटेगांव थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया,फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थानों, और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त लगाई। इस अभियान का मकसद जनता के बीच सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाना है,थाना प्रभारी ने बताया कि यह फ्लैग मार्च सार्वजनिक आयोजनों के मद्देनजर किया गया,ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी जा सके, वहीं पुलिस ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## अतिक्रमण से सिकुड़ता नया बाजार का स्वरूप

**गोटेगांव** स्थानीय नगर में नगरपालिका के माध्यम से प्रति सप्ताह मंगलवार को नया बाजार के मैदान में बाजार भरता है। इस साप्ताहिक बाजार का परिसर नगरपालिका एवं प्रशासन की अनदेखी के कारण अतिक्रमण से संकरा होता जा रहा है। जिसकी जहां पर इच्छा होती है वह धीरे-धीरे कच्ची झोपड़ी बनाने के बाद कब्जा करता जा रहा है जिसके कारण नया बाजार का मैदान में जगह की कमी होती जा रही है। इसके कारण साप्ताहिक बाजार में आने वाली दुकानें सड़क मार्ग के एक हिस्से में लगती है इस मार्ग पर लगने वाली दुकानों की संख्या बढ़ती जा रही है।इस साप्ताहिक बाजार के मैदान में अवैध अतिक्रमण कर कब्जाधारी धीरे-धीरे अपना सामान रख कर कब्जा करने में जुटे हुए हैं। जिसके कारण यहां पर लगने वाली दुकानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको नगरपालिका हटवाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। वहीं बरसात के मौसम में साप्ताहिक बाजार के कच्चे मैदान में कई जगह जगह दलदल की स्थिति निर्मित हो जाती है इस दलदल भरे स्थल पर बाजार में आने वाले दुकानदारों को परेशानी होती है। नगरपालिका इस साप्ताहिक बाजार में होने वाले अतिक्रमण को हटाने के साथ मैदान को व्यवस्थित कराने की दिशा में सख्त कदम उठाए ताकि आने वाली दुकानें सड़क मार्ग पर लगने की अपेक्षा नया बाजार मैदान में लग सके।